टीके की जानकारी का वक्तव्य

# मेनिंगोकोकल ACWY टीका
## *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**मेनिंगोकोकल ACWY टीका** सेरोग्रुप A, C, W, और Y के कारण होने वाली **मेनिंगोकोकल बीमारी** से बचाने में मदद कर सकता है। एक अलग मेनिंगोकोकल वैक्सीन उपलब्ध है जो सेरोग्रुप B से बचाव में मदद कर सकता है।

**मेनिंगोकोकल रोग** मेनिन्जाइटिस (मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के अस्तर का संक्रमण) और रक्त के संक्रमण का कारण बन सकता है। यहां तक कि जब इसका उपचार किया जाता है, तो मेनिंगोकोकल रोग 100 में से 10 से 15 संक्रमित लोगों की जान ले लेता है। और जो बच जाते हैं, उनमें से प्रत्येक 100 में से लगभग 10 से 20 विकलांगता से पीड़ित हो जाते हैं जैसे कि बहरापन, मस्तिष्क क्षति, गुर्दे की क्षति, अंगों की हानि, तंत्रिका तंत्र की समस्याएं, या त्वचा के ग्राफ्ट से गंभीर निशान।

मेनिंगोकोकल रोग दुर्लभ है और 1990 के दशक से इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका में गिरावट आई है। हालांकि, यह एक गंभीर बीमारी है, जिन लोगों को यह होती है उनमें मृत्यु या स्थायी विकलांगता का एक महत्वपूर्ण जोखिम होता है।

किसी को भी मेनिंगोकोकल बीमारी हो सकती है। कुछ लोग बढ़े हुए जोखिम पर हैं, जिनमें शामिल हैं:
- एक वर्ष से छोटे शिशु
- 16 से 23 वर्ष तक की आयु वाले किशोर और युवा वयस्क
- प्रतिरक्षा तंत्र को प्रभावित करने वाली कुछ चिकित्सा विकारों वाले लोग
- मेनिंगोकोकल बीमारी उत्पन्न करने वाले रोगाणु *N. meningitidis* के आइसोलेट पर नियमित रूप से काम करने वाले सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक
- अपने समुदाय में प्रकोप के कारण जोखिम में लोग

## 2. मेनिंगोकोकल ACWY टीका

**किशोरों** को मेनिंगोकोकल ACWY टीके की 2 खुराक की आवश्यकता है:
- पहली खुराक: 11 या 12 वर्ष की आयु में
- दूसरी (बूस्टर) खुराक: 16 वर्ष की आयु में

किशोरों के लिए नियमित टीकाकरण के अलावा, **लोगों के कुछ समूहों के लिए** मेनिंगोकोकल ACWY वैक्सीन की भी सिफारिश की जाती है:
- किसी सेरोग्रुप A, C, W, या Y मेनिंगोकोकल बीमारी के प्रकोप के कारण जोखिम में लोग
- HIV वाले लोग
- कोई भी जिसकी तिल्ली क्षतिग्रस्त हो या हटा दी गई हो, जिसमें सिकल सेल रोग वाले लोग भी शामिल हैं
- दुर्लभ प्रतिरक्षा प्रणाली की स्थिति वाला कोई भी व्यक्ति जिसे "पूरक घटक की कमी" कहा जाता है
- "पूरक अवरोधक" नामक एक प्रकार की दवा लेने वाला कोई भी व्यक्ति, जैसे कि एकुलिज़ुमाब (जिसे "Soliris"® भी कहा जाता है) या रैवलिज़ुमाब (जिसे "Ultomiris"® भी कहा जाता है)
- सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक जो नियमित रूप से *N. meningitidis* आइसोलेट्स के साथ काम करते हैं
- दुनिया के किसी ऐसे हिस्से में यात्रा करने वाला या रहने वाला कोई भी व्यक्ति जहां मेनिंगोकोकल रोग आम है, जैसे कि अफ्रीका के कुछ हिस्से
- रेजिडेंस हॉल में रहने वाले कॉलेज फ्रेशमैन जिन्हें मेनिंगोकोकल ACWY टीके का पूरी तरह से टीका नहीं लगाया गया है
- यू.एस. मिलिट्री रिक्रूट



U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **मेनिंगोकोकल ACWY के टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता मेनिंगोकोकल ACWY के टीकाकरण को किसी भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित कर सकता है।

गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए इस टीके के जोखिमों के बारे में सीमित जानकारी है, लेकिन सुरक्षा संबंधी किसी चिंता की पहचान नहीं की गई है। सूचित करने पर गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिला को टीका लगाया जाना चाहिए।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले लोगों का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर मेनिंगोकोल ACWY का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. टीके के प्रति प्रतिक्रिया के जोखिम

- मेनिंगोकोकल ACWY के टीकाकरण के बाद जहां शॉट दिया गया था वहां लाली या दर्द।
- मेनिंगोकोकल टीकाकरण प्राप्त करने वाले कुछ प्रतिशत लोग पेशी दर्द, सिरदर्द, या थकान महसूस कर सकते हैं।

कभी-कभी लोग चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं, जिनमें टीकाकरण शामिल है। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

किसी भी दवाई की तरह, किसी भी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट, या मृत्यु होने की अत्यंत दुर्लभ संभावना होती है।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य संकेतों क लिए अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जिसकी रचना उन लोगों को मुआवज़ा देने के लिए की गई थी जो कुछ प्रकार के टीकों से जख्मी हो सकते हैं। टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। कार्यक्रम और दावा फाइल करने के बारे में जानने के लिए **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** को कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org